नृप सिंह नपलच्याल
N.S. Napalchyal

सत्यमेव जयते
मुख्य सूचना आयुक्त
Chief Information Commissioner

उत्तराखण्ड सूचना आयोग
सी-30, सेक्टर-I, डिफेन्स कालोनी
देहरादून, उत्तराखण्ड
Uttarakhand Information Commission
C-30, Sec-I, Defence Colony
Dehradun, Uttarakhand
Phone : (Off.) : 0135-2666778
Fax : 0135-2666779
Mob. : 09412992127

पत्रांक : 8105 / उ.सू.आ. / 2011
दिनांक : 25/01/11

प्रिय श्री रावत,

आयोग में प्राप्त होने वाली विभिन्न द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों तथा अन्य विभिन्न सूत्रों से भी यह तथ्य ज्ञात हुया है कि प्रदेश में विभिन्न लोक प्राधिकारियों के स्तर पर नामित लोक सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों की कोई अधिकारिक सूची उपलब्ध नहीं है. पूर्व में शासन स्तर से प्रकाशित लोक सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों की निर्देशिका भी अब अत्यधिक पुरानी हो गयी है तथा उसमें वर्णित सूचनायें भी बदल गयी हैं जिस कारण जनसामान्य को अपने अनुरोधों को उचित लोक सूचना अधिकारी / प्रथम अपीलीय अधिकारी को प्रेषित करने में असुविधा होती है.

2. चूंकि लोक सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों की निर्देशिका की हार्ड कॉपी को सभी स्तरों पर उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं है, अतः उचित होगा कि शासन स्तर से इस निर्देशिका को पुनः अद्यावधिक कर इसकी सॉफ्ट प्रति एन.आई.सी. के पोर्टल पर उपलब्ध करायी जाये जिससे सभी संबंधित स्तरों पर यह निर्देशिका सुलभता से उपलब्ध हो सके.

3. कृपया इस संबंध में कृत कार्यवाही से आयोग को भी अवगत कराने का कष्ट करें.

सद्भाव सहित

भवनिष्ठ,

(एन. एस. नपलच्याल)

श्री सुरेन्द्र सिंह रावत
सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
उत्तराखण्ड शासन,
देहरादून